हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 जनसंवाद का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना व उनके सुझाव...



09 भविष्यवाणी व तंत्र-मंत्र का भय दिखाकर महिला से आभूषण ठगने वाले गिरोह का ...



समाचार संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत हॉकी मैच का किया गया आयोजन

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी गुना ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत फिट इंडिया खेल सत्र के तहत 28 से 30 सितम्बर तक मैराथन, हॉकी एवं बास्केटबॉल खेलों के मैच आयोजित किए गए। इसी क्रम में 29 सितम्बर को सायं 5 बजे संजय गांधी खेल परिसर स्थित हॉकी एस्ट्रोटर्फ पर बालक एवं बालिका वर्ग में हॉकी के मैत्री मैच का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट हॉकी खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मती सुनीता कंवर, खेल विभाग द्वारा शरद शर्मा, सह सचिव, जिला हॉकी संघ को खिलाड़ियों से परिचय कराया गया। इसके उपरांत हॉकी के मैत्री मैच प्रारंभ हुए। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल भावना का परिचय दिया।

वार्ड क्रमांक 34 विवेक कॉलोनी में सीसी रोड का भूमिपूजन किया



गुना। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता, वार्ड पार्षद सचिन धूरिया, एल्डर मैन वंदना राठौर, महेन्द्र कुशवाह, शैलेश कुशवाह तथा स्थानीय नागरिकों में प्रदीप शर्मा, रामदयाल शर्मा, श्याम कुमार अग्रवाल, जयराम सिंह बिसेन, केपीएस सोमवंशी, परमाल सिंह रघुवंशी, सेवा सिंह भदोरिया, शिवनारायण सिंह कुशवाह द्वारा विवेक कॉलोनी में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने सभी स्थानीय निवासियों से अपने घर के आगे बने चबूतरे, जाली आदि अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया जिससे सीसी रोड पर्याप्त चौड़ाई में बनाई जा सके एवं सभी स्थानीय नगरिकों से सड़क निर्माण के दौरान निगरानी रखने एवं पर्याप्त तराई कराने का अनुरोध किया। अशोकनगर रोड, नर्सरी के सामने से विवेक कॉलोनी तक बनने वाली सड़क व नाली से लगभग 70 परिवारों को लाभ होगा। भूमिपूजन के अवसर सहायक यंत्री सुनील कुमार जैन, उपयंत्री मयूरी श्रीवास्तव के साथ कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।।

बीना-रूठियाई मेमू बंद होने से यात्रियों में नाराजगी

गुना। आगासौद स्टेशन पर री-मॉडलिंग कार्य के चलते बीना-गुना-रूठियाई-बीना मेमू ट्रेन क्रमांक 61611/61612/61625/61626 का संचालन 30 सितंबर से बंद किए जाने के बाद यात्रियों में निराशा देखने को मिली। पूर्व में ट्रेन के निरस्त होने की सूचना जारी होने के बावजूद यात्रियों को उम्मीद थी कि रेलवे कोई वैकल्पिक व्यवस्था करेगा, लेकिन बुधवार को स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन के रद्द होने की सूचना देखकर छात्र-छात्राओं, अपडाउनर्स, मजदूरों सहित आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि यह मेमू ट्रेन केवल एक यात्री ट्रेन नहीं, बल्कि बीना से रुठियाई के बीच आवागमन करने वाले लोगों के लिए लाइफलाइन है। बड़ी संख्या में यात्री प्रतिदिन इसी ट्रेन से अपने कार्यस्थल, शिक्षण संस्थानों और अन्य जरूरी कामों के लिए आते-जाते हैं। सुबह अपने गंतव्य पर पहुंचकर दिनभर काम करने के बाद यही ट्रेन उन्हें शाम को वापस घर पहुंचाती है। यात्रियों ने कहा कि ट्रेन के 15 दिनों तक बंद रहने से रोजाना आवागमन में भारी परेशानी होगी। मुंगावली या मालखेड़ी से संचालन की मांगयात्रियों की परेशानी को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सुनील आचार्य ने रेल महाप्रबंधक, जबलपुर एवं भोपाल को पत्र भेजकर मेमू ट्रेन का संचालन पूरी तरह बंद न करने की मांग की है।

जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में हनुमान चौराहे से कलेक्टोरेट तक निकला मार्च

गोरिल्ला के वेश में कार्यकर्ता ने खींचा ध्यान एसआईआर का कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की सड़कों पर बुधवार को उस वक्त हर कोई ठिठक कर देखने लगा जब कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बीच एक विशालकाय गोरिल्ला पैदल मार्च में शामिल नजर आया। पूर्व मंत्री व राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में एसआईआर (विशेष पुनरीक्षण) और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ निकाले गए इस अनोखे प्रदर्शन में यह गोरिल्ला आकर्षण का केंद्र बना रहा। गोरिल्ला का भेष धरे कार्यकर्ता की छाती पर टंगे पोस्टरों पर मैं हूं गोरिल्ला ज्ञानेश, वोट चुराकर करता हूं ऐश और ज्ञानु एक कठपुतली है, भाजपा की सुतली है जैसे चुटीले और तीखे नारे लिखे हुए थे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक जो भी सड़कों से गुजरा, इस अनोखे नजारे को देखकर हैरान रह गया।



मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाकर गिरफ्तारी की उठी मांग

हनुमान चौराहे से कलेक्टोरेट तक निकाले गए इस पैदल मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कलेक्टोरेट पहुंचने के बाद पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को राष्ट्रपति के नाम 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र और मताधिकार पर डाका डालने का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाने, गिरफ्तार करने और आपराधिक मुकदमा चलाने की मांग की गई। साथ ही ईसीआई-नेट की निष्पक्ष न्यायिक निगरानी में जांच कराने पर जोर दिया गया।

स्थानीय अफसरों को दरकिनार कर दिल्ली से काटे गए नाम

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक सोची-समझी साजिश के तहत वोट चोरी का खेल रचा है। एसआईआर के नाम पर स्थानीय एसडीएम और कलेक्टरों तक को दरकिनार कर सीधे दिल्ली में बैठे-बैठे सॉफ्टवेयर के जरिए देश के मूल नागरिकों और कांग्रेस समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। जयवर्धन सिंह ने दावा किया कि चुनाव आयोग के अन्य आयुक्तों ने इस व्यवस्था पर आधा दर्जन से अधिक बार लिखित आपत्तियां दर्ज कराई थीं, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। अब यह साजिश बेनकाब हो चुकी है और राहुल गांधी के आरोप शत-प्रतिशत सच साबित हुए हैं।

डीएपी खाद की कालाबाजारी और मक्का समर्थन मूल्य पर घेरा

वोट चोरी के साथ-साथ जयवर्धन सिंह ने जिले में किसानों के सामने खड़े खाद संकट और मक्का खरीदी के मुद्दे पर भी सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा कि जिले की सोसायटियों से डीएपी खाद नदारद है और ई-टोकन व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। खाद के दलाल मनमाने दामों पर कालाबाजारी कर रहे हैं जबकि वनाधिकार पट्टाधारी आदिवासी किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को याद दिलाते हुए मांग की कि केंद्र द्वारा घोषित 2410 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का की सरकारी खरीदी तत्काल शुरू की जाए। कांग्रेस के इस आक्रामक रुख और तीखे तेवरों के बाद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आश्वस्त किया कि आदिवासी क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल गांधी और जयवर्धन सिंह के पोस्टर लेकर पहुंचे थे।

मायके गई महिला के सूने मकान पर चोरों का धावा

गुना। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टैंकर एरिया में बेखौफ चोरों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाते हुए करीब डेढ़ लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता किरन शर्मा पति दयाराम शर्मा की शिकायत पर विजयपुर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के समय पीड़िता अपने बच्चों के साथ राजस्थान स्थित मायके गई हुई थी, जबकि उसके पति ट्रक ड्राइवर होने के कारण बाहर गए थे। अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और अलमारी में रखे चांदी का कमरपट्टा, पायल, बिछिया, कड़े तथा सोने की नथ सहित अन्य आभूषण चुरा ले गए।

महिला के खींचे बाल थप्पड़ों से पीटा

इधर शहर के कैंट थानांतर्गत लड़की के बातचीत करने के मामले में चल रहे राजीनामे के दौरान दो पक्षों में जमकर कहासुनी और मारपीट हो गई। पीड़िता रामकली बाई पति रमेश अहिरवार निवासी कींदर की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने आरोपी बुंदेल सिंह अहिरवार और भरोसा अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना कैंट क्षेत्र के मीट मार्केट के पास की है।

15 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त, 3 लाख का माल पकड़ा

नगर पालिका की बाजार में बड़ी छापामार कार्रवाई, व्यापारी पर 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पर्यावरण संरक्षण और शहर को सिंगल यूज पॉलीथिन से मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन ने बुधवार को सदर बाजार क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी के आदेश पर नगर पालिका की टीम ने प्रतिबंधित एवं अमानक पॉलीथिन के भंडारण के खिलाफ छापामार कार्रवाई करते हुए करीब 15 क्विंटल पॉलीथिन जब्त की। जब्त पॉलीथिन की अनुमानित बाजार कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई गई है।

नगर पालिका की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण और कारोबार करने वाले व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति रही। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका की टीम ने सदर बाजार स्थित अशोक वस्त्रालय के नीचे गुंठीलाल फूलचंद जैन के गोदाम की जांच की। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में अमानक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण पाया गया। टीम ने मौके से लगभग 15 क्विंटल पॉलीथिन जब्त कर ली।



3 लाख की पॉलीथिन, 5 हजार का जुर्माना

नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार गोदाम से जब्त की गई पॉलीथिन का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 3 लाख रुपए है। प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण एवं विक्रय किए जाने के मामले में संबंधित व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। बाजार में प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग, भंडारण एवं विक्रय की शिकायत मिलने पर नगर पालिका की टीम द्वारा जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका का अमला मौके पर मौजूद रहा। टीम में स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव, सहायक यंत्री सुनील जैन, अमित त्यागी, उपयंत्री नितिन चंदेल एवं रामवीर शर्मा सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने गोदाम की जांच कर प्रतिबंधित सामग्री को जब्त किया और संबंधित व्यापारी के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई की।

पॉलीथिन पर्यावरण के साथ पशुओं के लिए भी खतरा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी ने शहर के व्यापारियों एवं नागरिकों से सिंगल यूज पॉलीथिन का पूर्णतः बहिष्कार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या है। इसके कारण नालियां जाम होती हैं और कचरा प्रबंधन व्यवस्था भी प्रभावित होती है। वहीं सड़कों और कचरे के ढेर में पड़ी पॉलीथिन को खाने से बेजुबान मवेशियों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता है।

माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

जनप्रतिनिधियों ने अर्पित की पुष्पांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्व. माधवराव सिंधिया स्मृति पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्व. माधवराव सिंधिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में जनसेवा, विकास और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने देश के विकास के साथ-साथ क्षेत्र की प्रगति और जनकल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। वक्ताओं ने कहा कि स्व. माधवराव सिंधिया की कार्यशैली, जनसेवा के प्रति समर्पण और आमजन के प्रति आत्मीयता सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। उनके द्वारा किए गए कार्य और जनमानस के हृदय में उनके प्रति सम्मान उनकी अमिट विरासत के रूप में सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्व. माधवराव सिंधिया के आदर्शों पर चलने और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

भगत सिंह चौक पर होगी जल्द व्यवस्थित सफाई

गुना। भगत सिंह यादगार मंच के पदाधिकारियों ने भगत सिंह चौक पर फैली गंदगी के निराकरण के लिए सीएमओ शैलेश अवस्थी और नपा उपाध्यक्ष धर्म सोनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भगत सिंह यादगार मंच के पदाधिकारियों ने भगत सिंह चौक की दुर्दशा को सुधारने और वहां पसरी गंदगी को साफ करने के लिए ज्ञापन में जानकारी दी गई। राकेश मिश्रा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से भगत सिंह चौक पर हम भगत सिंह का जन्मदिवस, शहीद दिवस, 15 अगस्त, 26 जनवरी के कार्यक्रम करते हैं, लेकिन विडंबना है गत दिवस को जब भगत सिंह का जन्म दिवस मनाने शहर नागरिक पहुंचे तो वहां गंदगी का अंबार लगा था। जिसे नगर पालिका को साफ करना था ताकि शहीदों के नाम से जो चौक चौराहे हैं वह साफ रहे। भगत सिंह यादगार मंच के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र भदोरिया और लोकेश शर्मा ने भी इस बात की ओर इशारा किया की एक तरफ हम सफाई अभियान चला रहे हैं दूसरी तरफ शहीदों के स्थल, शहर की कई गलियां गंदी-पड़ी है। गुना सीएमओ और नगर पालिका उपाध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान के तहत आज पहली पाली में भगत सिंह चौक को साफ करने का आश्वासन दिया है कि जल्द ही भगत सिंह चौक स्वच्छ होगा और आगे से नियमित साफ सफाई भगत सिंह चौक पर होगी।

डॉ. राजपूत के व्याख्यान से कॉलेज में छात्राओं को मिली सीख



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में नारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर एक विशेष और बेहद ज्ञानवर्धक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला चिकित्सालय गुना के जाने-माने स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश राजपूत रहे, जिन्होंने अपनी बेहतरीन शैली और चिकित्सकीय अनुभव से छात्राओं और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डॉ. सतीश राजपूत ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में स्तन कैंसर, बच्चेदानी के मुख के कैंसर, पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज, अनियमित माहवारी, अत्यधिक रक्तस्राव और माहवारी के दौरान होने वाली अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बदलती जीवनशैली, खान-पान की गड़बड़ी, मानसिक तनाव और नींद की कमी सीधे तौर पर महिलाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। उन्होंने सभी छात्राओं को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पूरी नींद लेने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन लता श्रीवास्तव ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एक स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार और समाज की नींव है, इसलिए छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए।

उल्लास एक अभिनव प्रयोग : न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं को मिला लाभ

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 120 से अधिक लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना त्रिपाठी के निर्देशन में 'उल्लास—एक अभिनव प्रयोग' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय गुना के समन्वय से वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य न्यायिक परिवार से जुड़े कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना था।



स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमिताभ मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तो व्यक्ति अपने सभी कार्य ऊर्जा एवं स्फूर्ति के साथ कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई बार छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो आगे चलकर गंभीर बीमारी का रूप ले सकती हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाते रहना चाहिए। विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार जैन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की सराहना की। उन्होंने न्यायिक परिवार के सभी कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया।

बीपी, शुगर सहित कई बीमारियों की हुई जांच

जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि 'उल्लास—एक अभिनव प्रयोग' कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च न्यायालय द्वारा जारी हेल्थ एडवाइजरी के अनुपालन में न्यायिक परिवार के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, दांत तथा नाक-कान-गला संबंधी स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया तथा दवाइयां भी वितरित की गईं।

इसके साथ ही जिला आयुष विभाग द्वारा गठित आयुष विंग की टीम ने भी उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति, आयुर्वेदिक दवाओं के लाभ एवं उपचार संबंधी जानकारी भी दी।

समाचार संक्षेप

कायस्थ समाज गुना आज करेगा सम्मान समारोह का आयोजन

राघौगढ़। समाज के वरिष्ठजन हमारी अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन के अनुभव, संस्कार और ज्ञान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। इसी भावना के साथ कायस्थ समाज, गुना द्वारा 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के सम्मान के लिए विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामय समारोह गुरुवार को शाम 5 बजे श्री चित्रगुप्त मंदिर सभागार, गुना में आयोजित होगा। समारोह में नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ शिक्षाविद् दंपत्ति प्रो. डॉ. वी.पी. श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना तथा प्रो. डॉ. सुमन लता श्रीवास्तव, प्राचार्य, पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय, गुना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। समाज के सभी चित्रांश बंधुओं एवं मातृशक्ति से आग्रह किया गया है कि वे सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वरिष्ठजनों का सम्मान बढ़ाएं तथा इस गरिमामय आयोजन को सफल बनाएं।

भागवत कथा में ध्रुव प्रसंग का वर्णन, मथुरा की धार्मिक परंपराओं पर डाला प्रकाश

बीनागंज। ग्राम रानी खेजरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक पं. पुरुषोत्तम पारीक ने ध्रुव प्रसंग का वर्णन करते हुए मथुरा एवं वृंदावन की धार्मिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। ध्रुव प्रसंग सुनाते हुए पं. पारीक ने कहा कि श्रीमद्भागवत में जब नारदजी ध्रुव को अयोध्या से तपस्या के लिए मथुरा भेजते हैं, तब मथुरा का विशेष महत्व बताया गया है। उन्होंने कहा कि मथुरा को वृंदावन से भी जोड़ा जाता है। अक्षय नवमी एवं देवोत्थान एकादशी के अवसर पर मथुरा नगरी की परिक्रमा की जाती है, जिसमें वृंदावन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि यह परिक्रमा लगभग 42 किलोमीटर अर्थात 14 कोस की मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रत्येक मोक्षदायिनी पुरी की 14 कोस की परिक्रमा का विशेष महत्व है। वर्तमान समय में इसे तीन वन की परिक्रमा के नाम से भी जाना जाता है। कथा के दौरान उन्होंने गरुड़ गोविंद जी के धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि गरुड़ गोविंद जी मथुरा नगरी के उत्तर दिशा में स्थित हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय मान्यताओं में उत्तर दिशा का संबंध नारायण से माना गया है, जबकि पश्चिम दिशा का संबंध गणेशजी से माना गया है। इसी कारण मथुरा के पश्चिम में गणेशरा गांव स्थित है।

चित्रकला, श्लोक गायन, नृत्य व नाटिका में विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

राघौगढ़। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राघौगढ़ में विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, श्लोक गायन, नृत्य एवं नाटिका सहित विभिन्न सांस्कृतिक ग ति वि धि यां आयोजित की गईं।



विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ के प्रभारी प्राचार्य मनीष कुमार जैन एवं कालिदास समारोह के नोडल अधिकारी लक्ष्मण सिंह अहिरवार ने बताया कि समारोह में विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़, शासकीय हाई स्कूल दौरान तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूठियाई के छात्र-छात्राएं संस्कृत विषय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में शामिल हुए।

जनसंवाद में गूंजा जुआ-नशे का मुद्दा, डीआईजी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

जनसंवाद का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना व उनके सुझाव प्राप्त करना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

नगर के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्वालियर रेंज के डीआईजी डॉ. असित यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता गुना एसपी हितिका वासल ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच संवाद को मजबूत करना, क्षेत्र की समस्याओं को समझना तथा सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नागरिकों से सुझाव प्राप्त करना था। एसपी हितिका वासल ने कहा कि जनसंवाद का उद्देश्य क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनना और उनके सुझाव प्राप्त करना है। उन्होंने नशे के



बढ़ते प्रभाव को लेकर कहा कि नशे की मांग एक बड़ा कारक है, जिसकी शुरुआत घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र से होती है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ कार्रवाई करना पुलिस का कर्तव्य है और राघौगढ़ में नशे के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई देखने को मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से लगातार पुलिस को सुझाव और सूचनाएं देते रहने की अपील की।

नशे को लेकर जनता ने खुलकर रखी बात

संवाद के दौरान राघौगढ़ क्षेत्र के नागरिकों ने अपनी समस्याएं और चिंताएं खुलकर सामने रखीं। नागरिकों ने क्षेत्र में जुआ, मादक पदार्थों और अवैध नशे के कारोबार के बढ़ने की शिकायत की। लोगों का कहना था कि नशे की समस्या से विशेष रूप से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा बढ़ती मोटरसाइकिल चोरी, रात के समय पुलिस गश्त की कमी तथा आम नागरिकों के साथ पुलिसकर्मियों के व्यवहार से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं।

डीआईजी का अनोखा नवाचार

जनसंवाद के दौरान नागरिकों की शिकायतों और सुझावों को व्यवस्थित तरीके से प्राप्त करने के लिए ग्वालियर रेंज डीआईजी डॉ. असित यादव ने अभिनव पहल की। उनके निर्देश पर कार्यक्रम में मौजूद प्रत्येक नागरिक को एक-एक नोटबुक उपलब्ध कराई गई।

महिला मोर्चा की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रजनी ओझा के नेतृत्व में विगत दिवस गुना सर्किट हाउस में नवीन जिला कार्यकारिणी की मौजूदगी में ग्वालियर संभाग प्रभारी क्रांति जोशी का गुना नगर आगमन पर महिला कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर एवं फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्थानीय सर्किट हाउस में ग्वालियर संभाग प्रभारी क्रांति जोशी ने आंगन उत्सव कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली तथा भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को सशक्त बनाने के लिए सक्रियता के साथ पार्टी हित में कार्य करने की अपील की। बैठक के दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रजनी ओझा ने नवीन जिला कार्यकारिणी की सभी सदस्यों का परिचय मुख्य अतिथि एवं संभाग प्रभारी क्रांति जोशी से कराया। इस अवसर पर कार्यकारिणी की ओर से क्रांति जोशी का फूलमालाओं से सम्मान भी किया गया।

डॉ. लोधा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर वृद्धों को कराया भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष स्व. डॉ. कल्याण सिंह लोधा की पुण्यतिथि पर अन्नपूर्णा धाम स्थित सेवा भारती प्रांगण में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्रपट पर दीप प्रज्वलित एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि डॉ. लोधा सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रतीक थे। उन्होंने राजनीति व चिकित्सा पेशा दोनों को गरीब सेवा का माध्यम बनाया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत उनकी पावन स्मृति में सेवा भारती प्रांगण में उपस्थित वृद्धजनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, पार्षद विनोद लोधा, शिवपाल परमार, नगर अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, गंगाराम मोडक़ी, लल्लू सिंह लोधा, रितिक ओझा, यशवंत लोधा, भीकम रजक, गोविंद रजक, चंदन कुशवाह, भूपेंद्र चौहान तथा विशाल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

बीनागंज के शासकीय विद्यालयों के कक्षा 11वीं 12वीं के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीनागंज

मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बीनागंज में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बीनागंज के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, भौतिकी प्रयोगशाला एवं कक्षाओं का अवलोकन किया।

प्रयोगशालाओं में उपलब्ध विभिन्न उपकरणों की कार्यप्रणाली एवं उपयोग के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने भी विभिन्न सुविधाओं को लेकर उत्सुकता के साथ जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भ्रमण के बाद महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। महाविद्यालय के सहायक निदेशक नितिन गौरकर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके करियर से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया।



उन्होंने कक्षा 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों, विषय चयन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव एवं टिप्स दिए।

इस अवसर पर कन्या विद्यालय, बीनागंज से आए अर्थशास्त्र के शिक्षक राजवीर लोधा ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि "मालवा कॉलेज अपने ही क्षेत्र में बड़े शहरों की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए वरदान है।" वहीं शासकीय उत्कृष्ट बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ट्रेनर माया मीना ने महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के स्टाफ ने विद्यार्थियों को प्रत्येक इकाई की बारीकियों को बेहद सरल एवं सहज तरीके से समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. प्रदीप सेन एवं संचालकगण डॉ. मधु कृष्णानी और आनंद मंगल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर सीखने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर पिपरई में जगह-जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रम किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को पिपरई में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हनुमान चालीसा पाठ, मंगल आरती, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं फल वितरण किया गया। श्री राम-जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का पाठ एवं मंगलमय आरती के बाद दीप प्रज्वलित कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इसके बाद नगर परिषद चौराहा पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर फल वितरित किए गए। वरिष्ठ



भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पिपरई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अस्पताल परिसर में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए।

भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मोतीलाल धाकरे ने माधवराव सिंधिया के जीवन, व्यक्तित्व एवं गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि लखन कटारिया, विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, जनभागीदारी अध्यक्ष रविंद्रनाथ शुक्ला, पूर्व सरपंच रामचरण तावरे, एल्डरमैन रामकृष्ण तिवारी, पूर्व सरपंच देशराज सिंह कटारिया, सरपंच प्रतिनिधि राजपाल सिंह सोलंकी आदि शामिल रहे।

शासकीय सेवकों का सम्मान कर दी विदाई

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की उपस्थिति में माह सितंबर में सेवानिवृत हुए 9 शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को शॉल,श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह में उदयभान सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर, हरिराम साहू उप संचालक पशुपालन कार्यालय अशोकनगर, चंद्रशेखर जोशी महिला एवं बाल विकास कार्यालय अशोकनगर, बी.ई.ओ. कार्यालय अशोकनगर से सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी एवं हरिराम अहिरवार, बी.ई.ओ. कार्यालय ईसागढ़ से रामेश्वर राठौर, बी.ई.ओ. कार्यालय मुंगावली से मनोज कुमार शर्मा, बी.ई.ओ. कार्यालय चंदेरी से कांशीराम लोधी एवं रमा बाई के सेवानिवृत्त होने सम्मान किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोनकगर

कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर जिले भर में भाजपा नेताओं ने उन्हें याद किया। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान नया बस स्टैंड चंदेरी में भाजपा जिला अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा की सिंधिया परिवार और इस क्षेत्र का बहुत पुराना संबंध है और उसी परिवार में एक ऐसे व्यक्तित्व का जन्म हुआ जिसने क्षेत्र के लिएवो दूरदृष्टा नेतृत्व के रूप में काम किया। सिंधिया हमारे क्षेत्र के कई बार के सांसद केंद्रीय मंत्री रहे हैं उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र, केंद्रीय मंत्री,संसद के रूप में हमेशा अपना दायित्व निभाया। वह सरल हृदय व्यक्तित्व थे, उन्होंने आगे बढ़कर दिल से लोगों को अपनाया उन्होंने रेल मंत्री के रूप में जो काम किया उन्हें आज भी याद किया जाता है, आज भारत की रेल का विकास हम देख रहे हैं उसमें मील का पत्थर का काम सिंधिया ने किया। ऐसे व्यक्तित्व, नेता को हम सादर नमन करते हैं और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम में भाजपा प्रश्न नेता अरुण सोमानी नपा अध्यक्ष दशरथ कोहली अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश पंथी सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ पिप्पल आदि शामिल थे।

अशोकनगर में भी स्मरण किया



इसी तरह स्थानीय पछाड़ी खेड़ा स्थित तुलसी सरोवर पार्क में स्थित सिंधिया की प्रतिमा भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा नेता पूर्व विधायक गजराम सिंह यादव करण सिंह रघुवंशी लखन सिंह रघुवंशी महेंद्र भारद्वाज धर्मेंद्र रघुवंशी सोनू सुमन सलिल त्रिपाठी धर्मेंद्र रघुवंशी डॉक्टर शीला जाटव अनीता जैन गीता आर्य राजकुमार यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



शाढ़ौरा मंडल में कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि मनाई

शाढ़ौरा। भाजपा मंडल शाढ़ौरा द्वारा कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की पुण्य तिथि पर शासकीय अस्पताल शाढ़ौरा में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण किए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, सुरेन्द्र सिंह सेजी, शिवराज सिंह कुंदोरा, भूपेन्द्र दुबे, रानू रघुवंशी, ज्ञानचंद जैन, विवेक तिवारी, राजकुमार रघुवंशी, विवेक सेन सहित मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। माधवराव सिंधिया की जनसेवा, विकास एवं लोककल्याण के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय एवं प्रेरणादायी रहेंगे।

यू-डाइज में जानकारी समय से दर्ज करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में पीजीआई रैंकिंग में प्राप्त स्कोर कम होने से अशोकनगर जिले को अच्छी स्थिति में लाने हेतु कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। यू-डाइज पोर्टल पर जानकारी लापरवाही पूर्वक भर दिए जाने से पीजीआई स्कोर वर्ष 2025-26 में 280.2 होने से प्रदेश स्तर पर स्थिति ठीक नहीं है। जानकारी यू-डाइज पोर्टल पर भरने में यदि लापरवाही की गई तो शाला प्रभारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जानकारी समय से एवं सही सही भरी जाए। उक्ताशय के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा द्वारा दिये गये। बैठक में राहुल शर्मा जिला परियोजना समन्वयक द्वारा निर्देशित किया गया कि यू-डाइज में समस्त जानकारी सही सही भरी जानी चाहिए, संस्था प्रभारियों को स्वयं इनकी जांच करनी चाहिए। जनशिक्षक भी अपने अधीनस्थ समस्त शालाओं की जानकारी अनिवार्यतः चेक करेंगे। कार्यशाला सहमीटिंग में जिला प्रोग्रामर जी.एस.नरवरिया द्वारा यू-डाइज प्लस एवं पी.जी.आई. इन्टीकेटर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मीटिंग दौरान बताया गया कि संस्था प्रभारी यू-डाइज प्लस में दी गई जानकारी के लिए जिम्मेदार होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर अस्पताल में फल बांटे



मुंगावली। सेहराई में पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश वासी जनसेवक माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहराई में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंबरीश सिंह वैस अभय गुरु रणवीर सिंह यशपाल यादव नंदकिशोर मार्कन कलंदर सिंह यादव राजीव दुबे नितेश सेन प्रेम सिंह कुशवाह राजेश लोधी मनोज गोस्वामी भाईसाहब लोधी गोलू लोधी अनेक सिंह यादव राजेंद्र सिंह यादव दीपक अवस्थी डॉक्टर कैलाश लोधी नेतराम लोधी अरुण बागड़ी आनंद मिश्रा नीतेश लोधी जनरेल सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर मुंगावली में कार्यक्रम आयोजित

मुंगावली। कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा मंडल महा मंत्री रामबाबू दुबे द्वारा इस अवसर पर ईमली चौराहे पर सुबह जूस ओर फलों का वितरण कर उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। सर्व प्रथम वहां मौजूद भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया ओर उनके बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही जिसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ओर वहां से निकलने वाले राहगीरों ओर आम लोगों को फलों ओर जूस का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा सहित आम लोगों द्वारा हर बर्ष उनकी पुण्यतिथि पर कई कार्यक्रम कर उन्हें याद किया जाता है। भाजपा मंडल महा मंत्री रामबाबू दुबे ने बताया कि हमारे क्षेत्रीय सांसद ओर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हम सभी को अपना परिवार का सदस्य मानते है ओर यह रिश्ता विजयाराजे सिंधिया जिन्हें राजमाता के नाम से हम सभी जानते हैं। सिंधिया परिवार से चला आ रहा है ओर उनके परिवार द्वारा सदैव इस क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका रही है। इस मौके पर जिला महा मंत्री नरेश ग्वाल, जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल एवं मनीष मोदी,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, महामंत्री अविनाश यादव, पार्षद मनीष राय, राजदीप अग्रवाल, उमेश शर्मा, आयुष दुबे, आदर्श दुबे, सौरभ जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस ने निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर पैदल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़ा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसी गांधी पार्क पर एकत्रित हुए इसके बाद पैदल मार्च निकालकर निर्वाचन कार्यालय पहुंचे और निर्वाचन कार्यालय का घेराव किया और राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन तहसील दार को सौंपा। जिसमें कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के भीतर अभूतपूर्व दरार को उजागर करने वाला एक चैंकाने वाला खुलासा सामने आया है. सामने आई जानकारी अनुसार पिछले 10 महीनों के दौरान दो निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू एवं विवेक जोशी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णयों पर कम से कम 14 बार औपचारिक आपत्ति दर्ज की गई है। इन आपत्तियों में बार-बार यह मुद्दा उठाया गया कि सीइसी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया जिसमें अनाधिकृत रूप से नए मतदाताओं को जोड़ना, नामों को हटाना तथा निर्वाचन आयोग की प्र प्रणाली को दिल्ली में केन्द्रीयकृत करना शामिल है। इस संबंध में दोनों निर्वाचन आयुक्तों को अंधेरे में रखा जा रहा था। आयुक्तों का यह खुलासा हमारे नेता राहुल गांधी की बात को स्पष्ट रूप से प्रमाणित करते हैं जिन्होंने पहले ही देश को आगाह करते हुए कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली निष्पक्ष और पारदर्शी व न्याय संगत नहीं है बल्कि भाजपा



को अनुचित लाभ पहुंचाने वाली है।

इस बीच विधायक इंजीनियर हरीबाबू राय, वरिष्ठ कांग्रेसी गिरीश जैन, दशरथ रघुवंशी, रमेश नायक, भगवंत सिंह संधू, सतपाल रघुवंशी, नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा पंडा, नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानेंद्र सिंह भुल्लर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सुराणा, पार्षद किरण कुशवाहा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश सिंघाई, देनप जिला अध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी, शाड़ोरा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी, नईसराय ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल रघुवंशी, पिपरई ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश लोधी, ईसागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश लोधी, राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव, राजकुमार लोधी, सुधीर शर्मा, शिवचरण शर्मा, सचिन त्यागी, अमन शर्मा, मनोज शर्मा भैया,सेवा दल यंग बिग्रेड अध्यक्ष हीरालाल अहिरवार,पवन पाल, लक्ष्मण पाल आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत छितरी निवासी संजय कटारिया उम्र 25 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली,पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात चोर भैंस चुरा ले गया

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत गोरा नयाखेड़ा निवासी प्रेमबाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर बस स्टेण्ड के पास से उसकी भैंस चोरी कर ले गया, जो 7 वर्ष की है, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हवेली मार्ग निवासी शेलेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौशाला निवासी गौरव सिलावट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीरज प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के थाना नईसरायं क्षेत्र के अंतर्गत काला बाग निवासी रामकृष्ण कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी घनश्याम रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अजलेश्वर निवासी पूजा साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पहलवान साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

धोखाधड़ी पूर्वक फोन पे हैक कर रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत देपराई निवासी नेपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति धोखाधड़ी पूर्वक फरियादी के फोन पे को हैक करके 39879 रूपए निकाल लिए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

जिले में बाईक चोरी के 3 अलग-अलग मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में बाईक चोरी के 3 अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं, जिले के देहात थाने के अंतर्गत पिपरई निवासी अंकित जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बस स्टेण्ड अशोकनगर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नम्बर एमपी 67 एमई 8706 है, इसी प्रकार शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत शड्डमरा निवासी मलखान अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर शाढ़ौरा सरकारी अस्पताल के बाहर से उसकी बाईक चोरी कर ले गया, जिसका नंबर एमपी 67 एमसी 9715 है। इसी प्रकार ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ईसागढ़ निवासी नरेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर ठेका वाले पटेल के घर के पास से उसकी बाईक चोरी कर ले गया, पुलिस ने तीनों घटनाओं में चोरी के मामले दर्ज किए हैं।

484 विषय शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया

अशोकनगर। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में दिनांक 28 से 30 सितम्बर तक कक्षा 9 एवं 10 में अध्यापन कराने वाले विषय शिक्षकों का शासकीय सांदीपनि उ.मा.वि. अशोकनगर में प्रातः 09.30 बजे से सांय 05.30 बजे तक विषय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम दिवस हिन्दी एवं अंग्रेजी द्वितीय दिवस गणित एवं विज्ञान तथा तृतीय दिवस संस्कृत एवं सामाजिक विज्ञान विषय का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा निदानात्मक कक्षाओं के संचालन एवं ब्लू प्रिंट पर आधारित विषय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें विषयगत कठिनाईयों को हल करने तथा त्रैमासिक परीक्षा में डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने एवं उनकी विषयगत कमजोरियों को दूर करने की तकनीक पर जोर दिया गया।

एक आरोपी से मोटरसाइकिल और 2.70 लाख बरामद किए

भविष्यवाणी व तंत्र-मंत्र का भय दिखाकर महिला से आभूषण ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





शहर में पिछली 8 अगस्त को मंदिर से घर लौट रही महिला को भविष्यवाणी और तंत्र मंत्र का भय दिखाकर आभूषणों की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को पुलिस ने उत्तराखण्ड के ऊधमपुर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक बाईक और 2 लाख 70 हजार रूपए नगद बरामद किए गए हैं। घटना में शेष तीन आरोपियों के साथ जेबर खरीदने वाले लजापत की तलाश भी जारी है। पुलिस जेवर खरीदने वाले दुकानदार को भी आरोपी बनाया है।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने पत्रकारों के बीच उक्त मामले का खुलासा करते हुए कहा कि 08.08.2026 को पीड़ता अनंतदेवी जैन, पत्नी स्व. पदम जैन, उम्र 64 वर्ष, निवासी विवेक टॉकीज गली, अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पीड़ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके एवं उसके परिवार के साथ अनहोनी होने की भविष्यवाणी कर उसे भयभीत किया गया तथा अपनी बातों में उलझाकर उसके पहने हुए सोने-चांदी के आभूषण उतरवा लिए गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल एसआईटी गठित कर आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

2 बाईकों से 4 आरोपी अशोकनगर आए थे

पुलिस टीम द्वारा अशोकनगर शहर एवं घटना से संबंधित संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से परीक्षण किया गया। जांच में घटना के बाद चार संदिग्ध व्यक्ति दो मोटरसाइकिलों से अशोकनगर से ईसागढ़, ईसागढ़ से चंदेरी तथा चंदेरी से ललितपुर की ओर जाते हुए पाए गए। प्राप्त सीसीटीवी फुटेज को सीमावर्ती जिलों से साझा करने के साथ-साथ तकनीकी संसाधनों की सहायता से संदिग्धों की पहचान की गई। होटल रजिस्टर एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान रजाकत उर्फ सजाकत पिता जलालुद्दीन खान, गफ्फार पिता शेर मोहम्मद, इमरान पिता खुशी मोहम्मद एवं शहजाद पिता खुशी मोहम्मद, सभी निवासी ठंडानाला, कोपा, गुलरभोज, जिला ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड के रूप में हुई।

दिल्ली, मेरठ सहित कई राज्यों में पुलिस टीमों ने दी दबिशः

ठिकानों पर लगातार निगरानी रखी गई तथा दिल्ली, मेरठ, उत्तराखंड, हरियाणा, ओडिशा एवं कानपुर सहित विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। आरोपियों द्वारा लगातार ठिकाने बदलने के बावजूद पुलिस टीम तकनीकी माध्यमों से उनकी गतिविधियों पर नजर बनाए रही। इसी क्रम में 23 सितंबर को आरोपी के अपने गांव में होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उत्तराखंड के ग्राम ठंडानाला, कोपा, गुलरभोज, जिला ऊधमसिंह नगर पहुंचकर दबिश दी गई, जहां से प्रकरण के आरोपी सजाकत पिता जलालुद्दीन खान को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। शेष आरोपियों की तलाश जारी है। सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक जिला ऊधमसिंहनगर, उत्तराखंड एवं दिल्ली के डीसीपी क्राईम अग्रवाल की टीम का विशेष योगदान रहा।।

पूछताछ में सामने आया अपराध का तरीका

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय से 07 दिवस के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने तीन साथियों के साथ 07.08.2026 की शाम अशोकनगर आया था तथा अमन होटल में रात्रि विश्राम करने के बाद अगले दिन सुबह शहर के बाजार में पहुंचा। आरोपियों द्वारा महिलाओं को उनके परिवार पर आने वाली कथित विपत्ति एवं अनहोनी का भय दिखाकर अपनी बातों में उलझाया जाता था। इसके बाद उनके पहने हुए सोने-चांदी के आभूषण उतरवाकर वे मौके से फरार हो गए थे। आरोपी एवं उसके साथी दो मोटरसाइकिलों से वारदात को अंजाम देने के लिए घूमते थे। प्रकरण में आरोपियों को जेवर बेचने वाले व्यक्ति को भी आरोपी बनाया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

इस तरह बनाते थे महिलाओं को अपना शिकार

जांच में सामने आया कि आरोपीगण एक संगठित अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोह के रूप में कार्य करते हैं और विभिन्न राज्यों एवं जिलों में जाकर इसी प्रकार की ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों की कार्यप्रणाली में पहले अकेली एवं भोली-भाली महिला को चिन्हित किया जाता था। इसके बाद एक आरोपी महिला को उसके परिवार पर आने वाली कथित आपदा के बारे में बताकर भयभीत करता था। बातचीत के दौरान महिला से ही उसके परिवार एवं व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर ली जाती थी। यही जानकारी दूसरे साथी को दी जाती थी, जो उसी जानकारी को इस प्रकार दोहराता था कि महिला को आरोपियों के संबंध में किसी विशेष शक्ति या तंत्र-मंत्र की गलत धारणा होने लगती थी। इसी भ्रम एवं भय का फायदा उठाकर आरोपियों द्वारा आभूषण एवं अन्य कीमती सामान ठग लिया जाता था।



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम रॉवसर में श्रमदान, पौधारोपण किया गया

अशोकनगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड अशोकनगर के सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम रॉवसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए गांव में साफ-सफाई की तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना ही अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।कार्यक्रम के अंत में गांव के वृद्धजनों को सम्मानित किया गया। उनके अनुभव और समाज में योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति से सुनील कुमार सेन, नर्सरी संरक्षक बलवीर सिंह यादव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रॉवसर से रघुवीरसिंह यादव, बृजभान सिंह, राजकुमार सिंह, महेंद्र सिंह यादव, कमल सिंह यादव, शिवचरण पाल, अभिषेक यादव, संदीप यादव, शमशेर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं, अपडाउनर्स और आम यात्रियों को होगी परेशानी

बीना-रूठियाई मेमू बंद होने से यात्रियों में नाराजगी, मुंगावली से संचालन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आगासौद स्टेशन पर री-मॉडलिंग कार्य के चलते बीना-गुना-रूठियाई-बीना मेमू ट्रेन क्रमांक 61611/61612/ 61625/61626 का संचालन 30 सितंबर से बंद किए जाने के बाद यात्रियों में निराशा देखने को मिली। पूर्व में ट्रेन के निरस्त होने की सूचना जारी होने के बावजूद यात्रियों को उम्मीद थी कि रेलवे कोई वैकल्पिक व्यवस्था करेगा, लेकिन बुधवार को स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन के रद्द होने की सूचना देखकर छात्र-छात्राओं, अपडाउनर्स, मजदूरों सहित आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

यात्रियों का कहना है कि यह मेमू ट्रेन केवल एक यात्री ट्रेन नहीं, बल्कि बीना से रुठियाई के बीच आवागमन करने वाले लोगों के लिए लाइफ लाइन है। बड़ी संख्या में यात्री प्रतिदिन इसी ट्रेन से अपने कार्यस्थल, शिक्षण संस्थानों और अन्य जरूरी कामों के लिए आते-जाते हैं। सुबह अपने गंतव्य पर पहुंचकर दिनभर काम करने के बाद यही ट्रेन उन्हें शाम को वापस घर पहुंचाती है। यात्रियों ने कहा कि ट्रेन के 15 दिनों तक बंद रहने से रोजाना आवागमन में भारी परेशानी होगी। बस से आवागमन करने पर किराए का खर्च इतना बढ़ जाएगा कि कई मजदूरों और निम्न आय वर्ग के लोगों की दैनिक कमाई का बड़ा हिस्सा यात्रा में ही खर्च हो जाएगा। इंदौर से आने वाले यात्री भी आने जाने में परेशान होगें। जो ट्रेने इस क्षेत्र के लिए आवश्यक है उन्हें हर हाल में चलाकर रखा जाना चाहिए, अगर बीना में काम चल रहा है तो बीना के पहले इस ट्रेन को मुंगावली तक संचालित किया जाए।

यात्रियों की परेशानी को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सुनील आचार्य ने रेल महाप्रबंधक, जबलपुर एवं भोपाल को पत्र भेजकर मेमू ट्रेन का संचालन पूरी तरह बंद न करने की मांग की है। उन्होंने सुझाव दिया है कि आगासौद में री-मॉडलिंग कार्य के कारण यदि बीना स्टेशन से ट्रेन चलाना संभव नहीं है तो इसे मुंगावली अथवा मालखेड़ी स्टेशन से रुठियाई तक संचालित किया जाए। आचार्य ने पत्र में कहा है कि क्षेत्र के बड़ी संख्या में यात्री मुंगावली से रुठियाई के बीच प्रतिदिन अप-डाउन करते हैं। ऐसे में ट्रेन का आंशिक संचालन भी यात्रियों को काफी राहत दे सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसी दौरान त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है, जिसके चलते यात्रियों की आवाजाही बढ़ेगी। ऐसे समय में यदि मेमू ट्रेन का संचालन पूरी तरह बंद रहा तो आम यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। उन्होंने रेल प्रशासन से यात्री हित में बीना-रूठियाई मेमू का वैकल्पिक रूप से मुंगावली अथवा मालखेड़ी से नियमित संचालन करने की अनुमति देने की मांग की है।

फर्जी तरीके से बैंक खाता खुलवाकर अवैध लेन देन में उपयोग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

फर्जी खाते में हुआ लाखों रुपये का ट्रांजेक्शन, एक अन्य नामजद आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना कोतवाली पुलिस द्वारा फर्जी तरीके से बैंक खाता खुलवाकर उसका अवैध गतिविधियों में उपयोग किए जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त बैंक खाते में लाखों रुपये के लेन-देन की जानकारी सामने आई है।

उल्लेखनीय है कि 29.09.2026 को फरियादी भूरा आदिवासी पुत्र लाल सिंह आदिवासी, उम्र 45 वर्ष, निवासी बोहरे कॉलोनी, अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई थी कि जाकिर उर्फ जक्का खान एवं राशिद खान उर्फ चिल्ली खान द्वारा उसके पहचान संबंधी दस्तावेजों का उपयोग कर उसकी जानकारी एवं सहमति के बिना एक्सिस बैंक में फर्जी तरीके से बैंक खाता खुलवाया गया है। फरियादी को उक्त मामले की जानकारी तब हुई, जब उसके नाम से संचालित उक्त बैंक खाते में लाखों रुपये का लेन-देन पाए जाने के कारण बैंक द्वारा खाता ब्लॉक कर दिया गया। बैंक द्वारा लेन-देन के संबंध में जानकारी लिए जाने पर फरियादी को पता चला कि उसके नाम से बैंक खाता संचालित हो रहा है, जबकि फरियादी द्वारा स्वयं एक्सिस बैंक में उक्त खाता कभी नहीं खुलवाया गया था। फरियादी द्वारा जब इस संबंध में जाकिर उर्फ जक्का से जानकारी मांगी गई, तब उसके द्वारा फरियादी के साथ कथित रूप से जातिसूचक एवं अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। फरियादी की शिकायत पर थाना कोतवाली में धोखाधड़ी एवं अन्य संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं प्रकरण में प्रभावी विवेचना हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण के नामजद आरोपी जाकिर उर्फ जक्का पिता सुभान खान, निवासी आजाद मोहल्ला, हाल ऊर्जा कॉलोनी, मुस्कान होटल के पास, अशोकनगर को गिरफ्तार किया गया।

पूर्व में भी दर्ज हो चुके हैं अपराध

पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी जाकिर उर्फ जक्का के विरुद्ध पूर्व में ऑनलाइन रियल मनी गेम के संचालन से संबंधित अपराध पंजीबद्ध हो चुके हैं। प्रकरण में फर्जी तरीके से खोले गए बैंक खाते में हुए लाखों रुपये के लेन-देन को देखते हुए पुलिस द्वारा खाते के उपयोग एवं उससे जुड़े लेन-देन की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि उक्त खाते का उपयोग ऑनलाइन अथवा अन्य अवैध गतिविधियों से संबंधित राशि के लेन-देन के लिए किया गया हो सकता है। हालांकि, इस संबंध में वास्तविक स्थिति आरोपी से पूछताछ एवं बैंकिंग लेन-देन की विस्तृत जांच के उपरांत स्पष्ट होगी। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर फर्जी बैंक खाता खुलवाने, खाते में हुए लेन-देन, खाते के उपयोगकर्ताओं एवं उससे जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

खुद को ही छलते हैं, दूसरों को छलने वालेः मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइंस ऑफ लिविंग के सत्र में मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि आज मिलकर साइंस ऑफ चीटिंग को समझकर इस प्रकार की नकारात्मक प्रवृत्ति से अपने जीवन को बचाने का प्रयास करेंगे। आज कई बार यह देखने में आता है कि लोग सफलता पाने के लिये तरह-तरह के अनैतिक तरीके अपनाते हैं। ऐसा करके सफलता पाने वाले को हम कहना चाहेंगे कि वे धोखे में हैं कि उन्हें सफलता मिल गई। धोखा देकर सफलता हासिल करने वाला व्यक्ति किसी और को नहीं स्वयं को ही धोखा देता है। सबसे बड़ा और खराब धोखा है खुद को धोखा देना। उन्होंने कहा कि एक राजा को नए प्रधानमंत्री की तलाश थी। इस पद के योग्य उन्हें ईमानदार और भरोसेमन्द व्यक्ति की तलाश थी। उपयुक्त व्यक्ति के चयन के लिये नगर में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। अन्ततः दस व्यक्तियों का चयन कर उन्हें राजा के सामने प्रस्तुत किया गया। राजा ने अन्तिम परीक्षा के लिये सभी उम्मीदवारों को कुछ बीज देकर कहा आपको इन बीजों को बो कर दो माह तक देखभाल करनी है। जिसका पौधा सबसे हरा-भरा होगा, वही विजेता होगा। (दो महीने बाद) इन सभी में एक प्रतियोगी को छोड़कर बाकी शेष सभी के हाथ में हरे-भरे गमले थे। इस (एक) प्रतियोगी ने मेहनत तो बहुत की पर इतने अधिक प्रयासों के बाद भी वह सफल नहीं हुआ (पौधा नहीं उगा)। राजा ने एक-एक करके सभी प्रतियोगियों के पास जाकर उनके पौधों का मुआयना किया। प्रतियोगियों ने राजा को बताया कि अत्यधिक परिश्रम के बाद वे पौधों को इस स्थिति में ला पाये हैं। अन्त में राजा उस प्रतियोगी के पास गये जिसके गमले में पौधा नहीं था और वह बहुत उदास था। खाली गमले को देखकर राजा ने कहा तुम्हारा पौधा कहाँ है? उसने उत्तर दियाकृ क्षमा करें महाराज! मैं बीजों को अंकुरित करने में सफल नहीं हो पाया। मैं हार गया।

इस पर राजा बोले नहीं प्रधानमंत्री जी आप कैसे हार सकते हैं। राजा की बात सुनकर सभी हैरान रह गये। इसके पहले कोई कुछ कह पाता राजा ने इस युवक को प्रधानमंत्री पद दे दिया। राजा ने कहा इस युवक ने पूरी ईमानदारी से मेहनत की और छलने की कोशिश नहीं की। राजा ने सामने आकर कहा हमने सभी प्रतियोगियों को उबले हुये बीज दिये थे जिनका अंकुरण सम्भव ही नहीं था। निश्चित ही शेष सभी प्रतियोगियों ने बीज बदल कर पौधे उगाये हैं। ये सभी धोखेबाज हैं।

शा. पॉलीटेक्निक महाविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के सदस्यों के द्वारा एक जन जागरूकता रैली निकाली गई।

जिसमें सामान्य जन को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक बनाने हेतु प्रयास किया गया। तत्पश्चात संस्था में रैली का समापन संस्था परिसर में किया गया। इस आयोजन के पश्चात ही नशा मुक्ति के संबंध में एक तात्कालिक भाषण का आयोजन भी किया गया।जिसमे संस्था के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में प्रभारी सचिन शर्मा द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से नशे की आदत समाज को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। साथ ही उन्होंने नशे से किस प्रकार से बचा जा सकता है एवं हमारे नवयुवक छात्र-छात्राओं को नशे से किस प्रकार से दूर रखा जा सकता है इस विषय पर भी प्रकाश डाला।संस्था के सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष एम के नेमा द्वारा उद्बोधन दिया गया कि संस्था में इसी प्रकार विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे विकसित भारत भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है।

संस्था के प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी एवं उन्होंने बताया की सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संस्था में अभी और भी विभिन्न प्रकार आयोजन होंगे जिसमे सभी छात्र -छात्राओं को आगे आकर अपनी प्रतिभागिता करना है। इस अवसर पर संस्था के श्री मोनेश जैन, मनीष वैद्य, अनिल धकाते, भारत यादव, के.के. अहिरवार, हेमंत सुमन, आशु गुरहा, अंकुर सोनी, प्रशांत रघुवंशी, योगेश तिवारी, आर. एस. रघुवंशी, सुनील जाटव, पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर, अंकित साहू, संजय अहिरवार, प्रवीण उरैया आदि स्टाफ सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आरकेएसके का साथिया समागम कार्यक्रम का आयोजन किया

किशोर-किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा





राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय साथिया समागम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने साथिया कार्यक्रम की कार्यप्रणाली को समझा और साथिया बच्चों से सीधे संवाद कर उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों के कारण किशोर-किशोरियों के मन में अनेक जिज्ञासाएं और प्रश्न उत्पन्न होते हैं। यदि सही समय पर उन्हें सही मार्गदर्शन और सटीक जानकारी मिल जाए, तो उनके मन में नकारात्मक भाव पैदा नहीं होते। उन्होंने सचेत किया कि कम आयु में विवाह, नशा और गलत संगति पूरे जीवन को अंधकारमय बना सकती है। इन्हीं संवेदनशील विषयों पर उपस्थित किशोर-किशोरियों ने जीवंत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिनकी उपस्थितजनों ने जमकर सराहना की।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी व साथिया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित श्उमंग क्लिनिकश में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने के लिए जिला चिकित्सालय से तनुशिखा, ब्यावरा से कविता दांगी तथा पचोर से प्रीति यादव को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिले में साथिया बच्चों का शत-प्रतिशत डेटा संकलन करने के उल्लेखनीय कार्य हेतु सारंगपुर के मास्टर ट्रेनर संदीप भिलाला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले एवं मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा प्रत्येक विकासखंड से चयनित दो-दो आशा कार्यकर्ताओं व आशा सुपरवाइजरों के अलावा आरकेएसके कार्यक्रम में निरंतर सहयोग देने वाले शिक्षकों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मंच से सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा, डीसीएम सुनील वर्मा, यूएनएफपीए प्रतिनिधि नेहा पांडे, बीएम लखन सिंह, कार्यक्रम समन्वयक वरुण दुबे सहित समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर और ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी मिलन समारोह आयोजित

महिलाओं व बच्चों को स्वास्थ्य, टीकाकरण, आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी मिलन समारोह का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 12 (1) एवं 12 (3) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा एवं शिक्षिका मंगल वैध उपस्थित रहीं। अतिथियों ने महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए गोद भराई, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रंगोली सहित स्थानीय गतिविधियों के आयोजन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा गोस्वामी, मनीता पाल तथा सहायिका रजनी वर्मा एवं बिलकिस बी को सम्मानित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान में महिलाओं का किया सम्मान

प्रधानमंत्री ने 25 साल की सेवा के दौरान 1 घंटे भी छुट्टी नहीं लीः अमित शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भाजपा मंडल ब्यावरा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा एक माह के सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को वार्ड क्रमांक 6 और 8 पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा पूर्व जिला मंत्री अभियान मंडल प्रभारी सविता तायल ने की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, बहनों का उपहार देकर सम्मान किया। आँगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भाजपा पूर्व जिला महामंत्री ब्यावरा मंडल प्रभारी पंडित अमित शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहा है हमारे प्रधानमंत्री ने 25 साल की देश सेवा में 1 घंटे की छुट्टी नहीं लेते हुए निरंतर देश सेवा में लगे रहे। मध्य प्रदेश की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही हैं भाजपा सरकार ने प्रदेश की लाखों बहनों को लाड़ली बहना योजना से जोड़ा है हर महीने 1500 से रुपए बहनों को दिए जा रहे हैं। आगे चलकर ये राशि धीरे धीरे-धीरे 3000 हजार तक पहुंचेगी। मंडल अध्यक्ष राजू यादव, प्रदेश प्रभारी अजा मोर्चा नेता गोपाल जाटव,नपा पार्षद विष्णु साहू, नपा पार्षद जया मकलेश चैहान,वरिष्ठ पार्षद प्रकाश मोगिया, आशा शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरराज लववंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

कालीसिंध नदी के स्टॉप डैम के गेट बंद कर जल संरक्षण की पहल

गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए नपा ने शुरू किया जल संग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

आगामी गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो और नागरिकों को नियमित एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने जल संरक्षण की पहल शुरू की है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की उपस्थिति में कालीसिंध नदी पर बने पुराने स्टाप डेम के गेट बंद कराने का कार्य प्रारंभ कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वर्षा ऋतु के बाद नदी में उपलब्ध पानी का संरक्षण आवश्यक है, ताकि आगामी दिनों में शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा किया जा सके। स्टाप डेम के गेट बंद होने से कालीसिंध नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी का संग्रहण होगा, जिससे जल स्तर में सुधार आने की उम्मीद है। इससे शहर में नियमित पेयजल प्रदाय बनाए रखने में मदद मिलेगी और गर्मी के दौरान जल संकट की स्थिति से बचाव हो सकेगा।इस जल संरक्षण कार्य से भू-जल स्तर (वाटर टेबल) में भी सुधार होने की संभावना है। नगर पालिका द्वारा नगरहित में जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद गोपाल पाल, पार्षद अमित गिरजे, राकेश पुष्पद, पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल अहिरवार, भानु लववंशी एवं नगर पालिका जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे सहित अन्य उपस्थित रहे।

छात्रावास में रहकर पढ़ाई की

मेहनत से हासिल किया मप्र पुलिस में मुकाम

ब्यावरा। ग्राम सुस्याहेड़ी निवासी ईश्वर वर्मा ने मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सफलता हासिल की है। वे वर्ष 2017-18 में सीनियर बालक छात्रावास, सारंगपुर में रहे। छात्रावास के तत्कालीन अधीक्षक के मार्गदर्शन, अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के सहयोग ने उनकी पढ़ाई एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



निरंतर मेहनत के परिणामस्वरूप वर्ष 2022 में उनका मध्यप्रदेश पुलिस (डीईएफ) में चयन हुआ। वर्तमान में वे भोपाल में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ईश्वर वर्मा की सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सपनों को साकार किया जा सकता है।

सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत पर दो पेट्रोल पंपों की जांच में अनियमितताएं मिलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



सीएम हेल्पलाइन पर पेट्रोल में पानी मिले होने की शिकायत के बाद गत दिवस को सहायक आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ हुमा हुजूर, नायब तहसीलदार तथा प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरसिंहगढ़ सुनीता देहलवार ने कुरावर स्थित काबरा फ्यूल पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। पंप प्रबंधक हर्ष काबरा की उपस्थिति में स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा पेट्रोल के नमूने लिए गए।

जांच के दौरान विस्फोटक अनुज्ञप्ति में संलग्न नक्शे में तीन डिस्पेंसिंग यूनिट प्रदर्शित होने के बावजूद मौके पर दो डिस्पेंसिंग यूनिट पाई गईं। इसके अलावा पीने के पानी के वाटर कूलर में फिल्टर नहीं लगा पाया गया। हवा की मशीन बंद मिली तथा दिव्यांगजनों के लिए टायलेट की व्यवस्था नहीं पाई गई। पंप की फायर एनओसी भी उपलब्ध नहीं मिली।

इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में अमानक पेट्रोल की शिकायत पर कुरावर स्थित एम.सी.आर. फ्यूल पेट्रोल पंप की भी जांच की गई। पंप प्रबंधक पवन मारन की उपस्थिति में स्टॉक का भौतिक सत्यापन एवं पेट्रोल की सैंपलिंग की गई। जांच में विस्फोटक अनुज्ञप्ति में संलग्न नक्शे, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जारी एनओसी के नक्शे तथा मौके पर स्थापित डिस्पेंसिंग यूनिट की संख्या एवं भूमिगत टैंकों की क्षमता में भिन्नता पाई गई। निरीक्षण के दौरान पीने के पानी के वाटर कूलर एवं आसपास स्वच्छता का अभाव पाया गया। दिव्यांगजनों के लिए टायलेट की व्यवस्था भी नहीं मिली तथा पंप की फायर एनओसी उपलब्ध नहीं पाई गई। अधिकारियों द्वारा लिए गए पेट्रोल के नमूनों को नियमानुसार जांच के लिए भेजा जाएगा तथा जांच में सामने आई अनियमितताओं के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिले में विकासखंड स्तरीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन 1 से 8 तक

ब्यावरा। समग्र शिक्षा अभियान के समावेशित शिक्षा अंतर्गत शासकीय शालाओं में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिले में विकासखंड स्तरीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिला शिक्षा केंद्र राजगढ़ द्वारा एलिमको उज्जैन एवं स्थानीय चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 1 अक्टूबर को जनपद शिक्षा केंद्र जीरापुर, 3 अक्टूबर को खिलचीपुर, 5 अक्टूबर को राजगढ़, 6 अक्टूबर को ब्यावरा, 7 अक्टूबर को सारंगपुर तथा 8 अक्टूबर को नरसिंहगढ़ में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित किया जाएगा। साथ ही जिन बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं, उनके दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाने की कार्यवाही भी की जाएगी। इन शिविरों का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जरूरतों का आकलन कर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना तथा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करना है।

कैमरों से खुला लाखों की चोरी का राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

कुरवाई पुलिस ने सूने मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

मेहलुआ चौराह निवासी देवेंद्र दांगी ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 24 अगस्त को अपने छोटे भाई के पास गंजबासौदा गए थे। 25 अगस्त को लौटने पर घर का दरवाजा टूटा मिला और अलमारी में रखे जेवर व नकदी गायब थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

चोरी का सुराग लगाने पुलिस टीम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। 360 दृष्टि अभियान के तहत लगाए गए कैमरों की रिकॉर्डिंग सहित तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। पुलिस ने 150 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ भी की। इसके बाद मिले सुरागों के आधार पर मेहलुआ चौराहा निवासी 25 वर्षीय आशीष सेन की पहचान हुई।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

3 को लखनवास में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियानअंतर्गत जिले में प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित क्लस्टरों में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 7 अगस्त से प्रारंभ होकर 8 जनवरी, 2027 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत आगामी 03 अक्टूबर को ब्यावरा विकासखंड अंतर्गत लखनवास में उद्यम संवाद आयोजित किया जाएगा।मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत निर्धारित भ्रमण क्षेत्रों में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई में लंबित शिकायतों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का यथासंभव शत-प्रतिशत निराकरण भ्रमण से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने अभियान के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इन पंचायतों के गांव होंगे शामिल

क्लस्टर में लगने वाली पंचायतों में जामी, जामोन्या, मलावर, अरन्या, मोतीपुरा, आमल्याहाट, आगर, चुकल्या, सुन्दरपुरा, कुण्डीखेडा, आमडोर, भंवास, लखनवास, सीलखेडा, पाडलीगुसाई, पगारा, तालोडी, लसुडलीमहाराजा, मुवालियादांगी, तलावडामहाराजा, गिन्दोरमीना, बोरदा, बांरवा, बाईहेडा, ढकोरा, पीपलहेडा, खजूरिया, बरखेडा (17), मोर्चाखेडी, बागोरी, भगवतीपुर, भूरा, अतरालिया, बरखेडी (नवीन), झरखेडा एवं खांकरातेजा ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं।

मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालुओं की साझा आस्था का प्रमुख केंद्र

देवधरा राजगढ़, हर मंदिर की कहानी, आस्था की जुबानी सात शताब्दियों से होडा माता मंदिर में जल रहा आस्था का दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा





जहां आस्था प्रकृति से मिलती है और लोकविश्वास पीढ़ियों की परंपराओं से जुड़कर विरासत का स्वरूप ले लेता है, वही भूमि 'देवधरा राजगढ़' की पहचान बनती है। राजगढ़ जिले के दंड ग्राम में पहाड़ियों के बीच स्थित प्रसिद्ध होड़ा माता मंदिर इसी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। राजस्थान की सीमा से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह प्राचीन मंदिर मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के श्रद्धालुओं के लिए समान रूप से श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। लगभग 700 वर्ष प्राचीन माने जाने वाले इस धार्मिक स्थल पर वर्षभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। माता के दर्शन, पूजन और आशीर्वाद के लिए मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। पहाड़ी पर स्थित मंदिर का प्राकृतिक परिवेश श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक अनुभूति को और गहरा करता है।

विजयासन स्वरूप की मान्यता, होड़ा माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ दरबार' : स्थानीय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मंदिर में विराजित देवी मां दुर्गा के विजयासन स्वरूप की आराधना की जाती है। जनश्रुति है कि महिषासुर एवं रक्तबीज जैसे राक्षसों का वध कर विजय प्राप्त करने के पश्चात माता ने पहाड़ियों पर आसन ग्रहण किया था। विजय के आसन पर विराजमान होने के कारण उन्हें विजयासन माता के रूप में श्रद्धा से स्मरण किया गया। कालांतर में स्थानीय लोकपरंपराओं और जनश्रुतियों के माध्यम से माता का यह दरबार 'होड़ा माता' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच आस्था की शुरुआतः स्थानीय बुजुर्गों एवं पुजारियों के अनुसार, लगभग सात शताब्दी पूर्व यह क्षेत्र घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों से घिरा हुआ था। उस समय यहां माता की छोटी-सी पिंडी अथवा चबूतरे पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना किया करते थे। दंड ग्राम सहित आसपास के ग्रामीणों और चरवाहों की माता के प्रति गहरी आस्था रही है। स्थानीय मान्यता है कि माता ने अपने भक्तों की रक्षा के लिए इस पहाड़ी को अपना निवास स्थान बनाया। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही इसी आस्था ने कालांतर में इस स्थान को एक प्रमुख धार्मिक केंद्र का स्वरूप प्रदान किया।

सीमा नहीं, आस्था जोड़ती है दो राज्यों के श्रद्धालुओं को

राजस्थान सीमा के निकट स्थित होने के कारण होड़ा माता मंदिर की आस्था मध्यप्रदेश और राजस्थान की साझा सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हुई है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार रियासतकाल में इस मार्ग से गुजरने वाले राजा-महाराजा, सैनिक और ग्रामीण भी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते थे। समय बदला, परिस्थितियां बदलीं, लेकिन माता के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था आज भी उसी भाव से कायम है। मध्यप्रदेश और राजस्थान के ग्रामीणों के लिए होड़ा माता का दरबार केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि साझी परंपरा, विश्वास और सांस्कृतिक जुड़ाव का केंद्र है।

अध्यक्ष के लिए राधेश्याम माहेश्वरी के बीच मुकाबला

विदिशा। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ के चुनाव में नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो गई है। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले कुलदीप गुप्ता और अजय जैन बाबा, महामंत्री पद के लिए मयंक अग्रवाल तथा महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए सुमित जैन, रीतेश अग्रवाल और आदर्श अग्रवाल ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। अब अध्यक्ष पद पर राधेश्याम माहेश्वरी और गजेंद्र सिंह रघुवंशी के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद के लिए यशवंत साहू और रीतेश अग्रवाल, महामंत्री के लिए विवेक जैन कुमेड़िया और महेंद्र जैन तथा मंत्री पद के लिए यश जैन और सौमिल अग्रवाल मैदान में हैं।

वाहन बिक्री में गड़बड़ी का आरोप! कांग्रेस की जांच की मांग

16 लाख मूल्यांकन, 21 लाख में बिक्री का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका के 41 सरकारी वाहनों की बिक्री और स्क्रैप प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कलेक्टर को शिकायत देकर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं। आशीष माहेश्वरी का आरोप है कि करीब 16 लाख मूल्य के 41 वाहनों को लगभग 21 लाख रुपए में बेचा गया। खुली नीलामी होती तो अधिक राजस्व मिल सकता था।

सरकार की स्क्रैप नीति के उल्लंघन का आरोप

शिकायत में कहा गया कि केंद्र और राज्य सरकार की स्क्रैप नीति के अनुसार 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को अधिकृत आरवीएसएफ सेंटर में स्क्रैप किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इन वाहनों को नगरपालिका परिसर में ही काटकर बेच दिया गया। इसके अलावा जमा प्रमाणपत्र जारी कराने, रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने और आरटीओ से जुड़ी जरूरी औपचारिकताएं पूरी नहीं करने के भी आरोप लगाए गए हैं।